हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
25 फरवरी 2025, बरेली

PAGE NO 5 : MIDDLE

# एसआरएमएस एकेडमी और आईके कलेक्शन एसजी बनी विजेता

क्रिकेट

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा दिन
- पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल आज, तीसरा व चौथा क्वार्टर फाइनल कल

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के छठे दिन सोमवार को ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी व स्पोर्ट्स स्टेडियम, ग्रुप डी में आईके कलेक्शन एसजी कैंट व राजश्री क्लब बरेली के बीच मैच खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली को 85 रन से हराया। जबकि आईके कलेक्शन एसजी कैंट ने राजश्री क्लब बरेली पर 8 विकेट से जीत दर्ज की।

एसआरएमएस के लिए तीन विकेट लेने के साथ 34 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा और आईके कलेक्शन एसजी कैंट के लिए 34 गेंदों पर नाबाद 81 बनाने वाले सत्यम संगू को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। सोमवार को लीग मैच समाप्त होने के बाद टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में भिड़ने वाली टीमें तय हो चुकी हैं। पहले क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन और स्पोर्ट्स स्टेडियम का मुकाबला होगा, जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ठेकेदार इलेवन की टीमें आपस में भिड़ेंगी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में जस क्रिकेट एकेडमी और एसआरएमएस एकेडमी एक दूसरे का सामना करेंगी और चौथे क्वार्टर फाइनल में हरदोई स्ट्राइकर्स और आईके कलेक्शन एसजी कैंट में मुकाबला होगा। पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मंगलवार को और तीसरा व चौथा क्वार्टर फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।